भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2218
मंगलवार, दिनांक 08 अगस्त, 2023 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सौर पार्क</u>

2218. श्री एस. निरंजन रेड्डी: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2026 तक सौर पार्क और अति विशाल सौर पार्क परियोजनाओं के विकास के विस्तार के लिए कितनी निधि आवंटित की गई है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) योजना के अंतर्गत लंबित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) आंध्र प्रदेश राज्य के लिए इस योजना के अंतर्गत आवंटित निधि सहित परियोजनाओं की प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) और (ख): "सौर पार्कों और अल्ट्रा मेगा सौर विद्युत परियोजनाओं का विकास" योजना के लिए 8100 करोड़ रुपए का अनुमोदित आवंटन हैं।

योजना को किसी अतिरिक्त वित्तीय प्रभाव के बगैर वित्त वर्ष 2025-26 तक विस्तार दिया गया है। इसलिए, योजना के विस्तार के लिए कोई अतिरिक्त निधि आवंटित नहीं की गई है।

(ग) सरकार ने अब तक देश भर के 12 राज्यों में 37,990 मेगावाट संचयी क्षमता के 50 सौर पार्कों की मंजूरी दी है। इस मंजूरी में से 8,521 मेगावाट समग्र क्षमता के 11 सौर पार्क पूरे किए जा चुके हैं और 3985 मेगावाट की समग्र क्षमता के 7 सौर पार्क आंशिक रूप से पूरे किए गए हैं। इन पार्कों में, 10,237 मेगावाट समग्र क्षमता की सौर परियोजनाएं विकसित की गई हैं।

(घ) आंध्र प्रदेश के लिए जारी की गई निधियों सहित सौर पार्कों की प्रगति का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

अनुलग्नक

'सौर पार्क' के संबंध में पूछे गए दिनांक 08.08.2023 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2218 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश के लिए जारी की गई निधियों सहित सौर पार्कों की प्रगति का ब्यौरा (दिनांक 30.06.2023 की स्थिति के अनुसार)

क्र.सं.	सौर पार्क के नाम	स्वीकृत स्थापित क्षमता (मेगावाट)	जारी निधि (करोड़ रुपए में)	स्थिति
1	अनंतपुरमु सौर पार्क	1400	244.80	सौर पार्क पूरा हो गया और 1400 मेगावाट की सौर परियोजनाएं चालू हो गई है
2	कुरनूल सौर पार्क	1000	200.25	सौर पार्क पूरा हो गया और 1000 मेगावाट की सौर परियोजनाएं चालू हो गई है
3	अनंतपुरमु-II सौर पार्क	500	91.24	सौर पार्क पूरा हो गया और 400 मेगावाट की सौर परियोजनाएं चालू हो गई है
4	कडप्पा सौर पार्क	1000	54.25	सौर पार्कों में 250 मेगावाट सौर परियोजनाएं चालू हो गई हैं
5	रामगिरी सौर पार्क	300	-	निविदा चरण में है

*****